# बाहरी राज्य के मजदूर रखने व मकान देने से पहले करवाऐं पुलिस में पंजीकरण : जैन

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**नाहन।** जिला सिरमौर में बाहरी राज्य से काम एवं मजदूरी इत्यादि के सिलसिले में आने वाले लोगों को स्थानीय पुलिस में अनिवार्य रूप से अपना पंजीकरण करवाना होगा अन्यथा ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

इस आश्य के आदेश जिला दण्डाधिकारी सिरमौर ललित जैन ने गत दिनों यहां कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर 1973 की धारा 144 (1), (2) और (3) के तहत जारी करते हुए जिला में सभी ठेकेदारों, भवन मालिकों, उद्यमियों, दुकानदारों और अन्य सभी संस्थानों के मालिकों को निर्देश जारी किए गए है कि बाहरी राज्यों के लोगों को काम पर रखने तथा उन्हें किराये पर मकान देने से पहले उनका स्थानीय पुलिस में अनिवार्य रूप से पंजीकरण करवाऐं ताकि जिला में अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

जिला दण्डाधिकारी ने कहा कि विशेषकर सिरमौर जिला के औद्योगिक क्षेत्रों में अपराधिक घटनाऐं बढ़ रही है चूंकि बाहरी राज्यों से आने वालो लोगों का स्थानीय पुलिस थाना में पंजीकरण नहीं होता है। इसके अतिरिक्त मकान मालिक भी बाहरी राज्य के लोगों को बिना पंजीकरण करवाए आवास दे देते हैं जोकि उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक सिरमौर से इस बारे प्राप्त पत्र पर कार्यवाही करते हुए आदेश जारी किए गए है ताकि जिला में बढ़ती अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होने कहा कि उद्योगपतियों, ठेकेदारों, विभिन्न निजी संस्थानों को भी आदेश दिए गए है कि बाहरी राज्यों से कुशल व अकुश्ल कामगारों को रखने से पहले उनका पंजीकरण अनिवार्य रूप से करवाऐं अन्यथा आई.पी.सी. की धारा 188 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

यह आदेश तत्काल लागू होकर आगामी दो माह तक प्रभावी रहेगें।

# सीएम ने किया वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप नैयर के निधन पर शोक व्यक्त

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार और पूर्व सांसद कुलदीप नैयर के निधन पर शोक व्यक्त किया है, जिनका गुरुवार को नई दिल्ली में निधन हो गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुलदीप नैयर को हमेशा पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए याद किया जाएगा। वह मानवाधिकारों के प्रबल समर्थक थे और प्रेस की स्वतंत्रता के लिए हमेशा लड़ते रहे। श्री नैयर को आपातकाल के दौरान प्रेस की आजादी का विरोध करने पर जेल भी जाना पड़ा।

जय राम ठाकुर ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के साथ अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा एटीएम कार्ड क्लोनिंग मामले का एक और आरोपी

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**मोहाली।** मोहाली में निजी बैंक के एटीएम में लोगों के कार्ड की क्लोनिंग करके करोड़ों रुपये की कथित ठगी मामले में पंजाब पुलिस के साइबर क्राइम सैल ने एक और आरोपी गौरव कुमार को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि एटीएम से पैसे गौरव ही निकालता था। इस मामले में पुलिस द्वारा पहले भी वाराणसी से उसके साथी सौरव कुमार वासी उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसएचओ समरदीप सिंह ने बताया कि स्टेट साइबर क्राइम थाने में दर्ज मामले में सौरव कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच टीम द्वारा पहले गिरफ्तार किये गये सौरव कुमार से पूछताछ के दौरान एटीएम क्लोनिंग से जुड़े कई अन्य के जुड़े होने का खुलासा हुआ था परंतु पुलिस उनके नाम सार्वजनिक नहीं कर रही।

पुलिस का कहना है कि मीडिया में नाम आने से जांच प्रभावित हो सकती है तथा आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए छिप सकते हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात भी सामने आयी है कि शहर के एक होटल कर्मचारी ने भी कार्ड क्लोनिंग की थी। उसने वारदात को अंजाम देने के बाद दो दिन पहले ही होटल छोड़ दिया था। पुलिस के अनुसार मोहाली में अब तक कार्ड क्लोनिंग के 60 से अधिक मामले सामने आये हैं।

# ब्रह्माकुमारी आश्रम में डॉ. बिंदल ने मनाया रक्षा बंधन का त्यौहार



**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**नाहन।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने गत दिवस नाहन स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में रक्षा बंधन के पावन पर्व पर आयोजित समारोह के उपलक्ष्य पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और आश्रम में रहने वाली बहनों को रक्षाबंधन के त्यौहार की बधाई दी।

**आश्रम की बहनों ने डॉ. बिंदल को राखी बांधकर की उनके सुखमय जीवन की कामना**

इस अवसर पर आश्रम की बहनों रमा देवी, गीता देवी, शिवानी, बबीता, चंपा देवी, कुसुम, मधु, पूजा द्वारा डॉ. राजीव बिंदल को राखी पहनाकर उनके सुखमय जीवन की कामना की।

डॉ. बिंदल ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि रक्षाबंधन त्यौहार भाई-बहन के आपसी स्नेह व प्यार का अटूट बंधन है जिससे स्वस्थ समाज की नींव सुदृढ़ होती है। उन्होने कहा कि समाज में समरसता व सदभावना बनाए रखने में किसी भी धर्म के त्यौहार अहम भूमिका निभाते है जिनसे लोगों में आपसी भाईचारा, प्यार, पारस्परिक सहयोग की भावना उत्पन्न होने से राष्ट्र की एकता व अखण्डता को बल मिलता है।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष की धर्मपत्नि श्रीमती मधु बिंदल ने भी आश्रम की बहनों को रक्षाबंधन के पर्व की शुभकामनाऐं दी।

इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता , जिला परिषद सदस्य मनीष चौहान , जिला मिडिया प्रभारी राकेश गर्ग सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने किए लखवार परियोजना के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने गत दिवस नई दिल्ली में ऊपरी यमुना जलाश्य में 4000 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली बहुउद्देशीय परियोजना लखवार (एमपीपी) के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए आयोजित समारोह में भाग लिया। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग, जहाजरानी एवं जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प मंत्री नितिन गडकरी की उपसथिति में छः राज्यों दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। लखवार बहुद्देशीय परियोजना के लिए यमुना नदी पर 330 मिलियन क्यूबिक मीटर (एमसीएम) की जीवंत भण्डारण तथा 330 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाले 204 मीटर ऊंचे बांध का निर्माण किया जाएगा। परियोजना से 79 एमसीएम स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जो छः राज्यों में पानी की कमी से निजात दिलाने में मददगार होगी। इससे गैर-मानसून के दौरान यमुना नदी के प्रवाह में 65 प्रतिशत की वृद्धि और 34,000 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र सिंचाई के तहत आएगा।




जल घटक परियोजना की 90 प्रतिशत लागत भारत सरकार जबकि शेष 10 प्रतिशत हिस्सा राज्यों द्वारा उन्हें 12.05.1994 के समझौता ज्ञापन के आधार पर आवंटित जल हिस्सेदारी के अनुपात के आधार पर इन राज्यों द्वारा वहन किया जाएगा। परियोजना के विद्युत घटक की लागत का वहन उत्तराखण्ड द्वारा किया जाएगा और वे ऊर्जा उत्पादन का लाभ प्राप्त करेंगे। परियोजना का निर्माण उत्तराखण्ड सरकार द्वारा 54 माह के भीतर किया जाएगा तथा परियोजना के कार्यों की निगरानी अप्पर यमुना नदी बोर्ड द्वारा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि हिमाचल प्रदेश को हिस्से में रूप में 3.15 प्रतिशत पानी मिलेगा और तदानुसार परियोजना के जल घटक का राज्य हिस्से के रूप में 8 करोड़ रुपये का योगदान करेगा। उन्होंने कहा कि यमुना नदी तथा इसकी सहायक नदियों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के क्षेत्रों में आने वाली टोंस और गिरि नदी पर कुल तीन मुख्य भण्डारण परियोजनाओं का निर्माण प्रस्तावित है जिसमें 330 एमसीएम लाइव स्टोरेज की बहुद्देशीय लखवार परियोजना, टोंस नदी से 300 मेगावॉट बिजली उत्पादन और हिमाचल प्रदेश में 498 एमसीएम लाइव भण्डारण वाली हिमाचल प्रदेश की रेणुका परियोजना तथा गिरी नदी पर 40 मेगावॉट बिजली उत्पादन परियेजनाएं शिमल हैं। केन्द्रीय जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# नये लुक में नजर आयेगा माता का दरबार

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**पंचकूला।** माता मनसा देवी मंदिर परिसर में मुख्य प्रवेश द्वारा का जीर्णोद्धार शुरू हो चुका है। आने वाले अश्विन नवरात्रों से पहले भक्तों को माता के दरबार की प्रवेश मार्ग नये लुक में दिखेगा। यह कार्य श्रीमाता मनसा देवी श्राइन बोर्ड कर रहा है। भक्तों को सीढ़ियों के कई हिस्से उबड़-खाबड़ होने की वजह से दिक्कत होती थी। माता मनसादेवी के कार्यकारी अधिकारी के मुताबिक रेनोवेशन के चलते मुख्य मार्ग की तरफ से प्रवेश बंद किया गया है। मां के दरबार तक पहुंचने के लिए भक्तों को सत्संग भवन की तरफ गेट नंबर एक और 2 से एंट्री दी गयी है। पौढ़ियों के नवीकरण के साथ मौजूदा शेड को डबल लेयर किया रहा है। भक्तों को सर्दी-गर्मी और बारिश में शेड कवर करता है। वर्षों पहले बनी मार्बल की पौढ़ियों का नवीकरण किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि अश्विन नवरात्रों से पहले सभी काम पूरे कर लिए जाएंगे। रविवार को रक्षा बंधन पर मां के दरबार में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही।

हालांकि श्राइन बोर्ड की तरफ से मुख्य द्वार के प्रवेश को बंद किया गया है लेकिन भक्त शार्टकट के चलते निर्माण कार्यों में बाधा पहुंच रही है।